# अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 27 मार्च 2025
चैत्र कृष्ण त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081


**PAGE NO, 07,BOTTOM**

# एसआरएमएस सीईटी में आज से शुरू होगा हैकाथॉन

**बरेली।** श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) में तीन दिवसीय (27 से 29 मार्च 2025) हैकाथॉन 3.0 कल का बृहस्पतिवार से शुभारंभ होगा। इसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना से 157 प्रतिभागियों की 43 टीमें प्रतिभाग करेंगी।

सीईटी प्रिंसिपल एवं इवेंट डायरेक्टर डॉ. प्रभाकर गुप्ता के मुताबिक इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से टेक एज सेल की ओर से हैकाथॉन का आयोजन होगा। उद्देश्य आपदा प्रबंधन के लिए नवाचार और तकनीकी समाधानों को बढ़ावा देना है। विजेता को एक लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा।

27 मार्च को सुबह 9:30 बजे से हैकाथॉन 3.0 शुरू होगा।

## चार राज्यों से 157 प्रतिभागियों की 43 टीमें करेंगी प्रतिभाग



डा.प्रभाकर गुप्ता, प्रिंसिपल एसआरएमएस सीईटी। स्रोत : स्वयं

उद्घाटन पूर्वाह्न 11:30 बजे होगा। इसमें प्रौद्योगिकी, नवाचार, आपदा प्रबंधन के क्षेत्रों के प्रतिष्ठित वक्ता संबोधित करेंगे। अंतिम दिन शनिवार अपराह्न तीन बजे विजेताओं की घोषणा और पुरस्कार वितरण समारोह होगा। ब्यूरो

**PAGE NO, 02, MIDDLE**

■ **हैकाथॉन :** एसआरएमएस सीईटी में हैकाथॉन 3.0 का सुबह 11:00 बजे से।